**समाचार**

# महाराणा प्रतापनगर मुख्य मार्ग से निगम ने पुनः हटाया अतिक्रमण
## (अतिक्रमणकारियों की कड़ी हिदायत, न करें अतिक्रमण )




कोरबा 26 मई 2025 – नगर पालिक निगम कोरबा के अतिक्रमण दस्ते ने आज महाराणा प्रताप नगर मुख्य मार्ग पर ठेला, गुमठी व दुकानें लगाकर किए जा रहे अतिक्रमण पर कार्यवाही करते हुए उक्त अतिक्रमण को पुनः हटा दिया तथा इन अवैध कब्जाधारियों को कड़ी हिदायत दी कि वे अतिक्रमण न करें, अन्यथा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आयुक्त श्री विनय मिश्रा ने अवैध कब्जा करने वाले अतिक्रमणकारियों से कहा है कि शासकीय व निगम की जमीनों, सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जे का प्रयास न करें, निगम द्वारा अतिक्रमण के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है, अतः कार्यवाही से होने वाली असुविधा बचें व अवैध कब्जा न करें।

यहॉ उल्लेखनीय है कि शहर के महाराणा प्रतापनगर मुख्य मार्ग पर पूर्व में भी अवैध रूप से दर्जनों गुमठी, ठेले लगाकर अतिक्रमण किया गया था, उक्त मार्ग पर बड़ी संख्या में अवैध गुमठी, ठेले लगने एवं वहॉ पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने से मार्ग से गुजरने वाले नागरिकों व वहॉ पर स्थित निगम के उद्यान में सुबह–शाम सैर हेतु आने वाली महिलाओं, बच्चों, कालोनीवासियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था, कालोनीवासियों की मांग पर निगम द्वारा एक अभियान चलाकर उक्त अवैध ठेले गुमठियों को वहॉ से हटाकर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त किया गया था, किन्तु अतिक्रमणकारियों द्वारा पुनः अवैध रूप से गुमठी ठेले लगाकर अतिक्रमण कर लिया गया था, निगम के अतिक्रमण दस्ता के सदस्य विकास शुक्ला ने बताया कि विकास मार्ग पर पुनः अतिक्रमण की

जानकारी मिलने पर संबंधित लोगों को अपने अवैध गुमठी, ठेले हटा लेने व अवैध कब्जा न करने की समझाईश दी गई किन्तु उनके द्वारा स्वयं अवैध कब्जा नहीं हटाया गया, जिस पर आज कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण दस्ते ने इन सभी अवैध कब्जों को हटा दिया गया है।